हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 28 अगस्त 2025



तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों-घर में विराजे ...



14 संबलपुर में गणेश प्रतिमा का रहस्य भक्तों की...



गड़बड़ी : विसं में विधायक के प्रश्न के बाद व्याख्याता पदभार से मुक्त फिर डीईओ कार्यालय में किया अटैच


# 94 प्रधानपाठकों की पदस्थापना रद्द, शिक्षा विभाग में गड़बड़ी उजागर, एक ही दिन में दो आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षा विभाग के द्वारा 94 प्रधान पाठकों की पोस्टिंग रद्द किए जाने के बाद एक नया खुलासा सामने आया कि विधानसभा सत्र के दौरान 28 फरवरी 2025 को विधायक बालेश्वर साहू के ध्यानकर्षण प्रश्न में पूछा था कि सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े को व्याख्याता पद पर भार मुक्त किया गया कि नहीं, जवाब आया कि भार मुक्त का आदेश 28 फरवरी 2025 को जारी हुआ। उसी दिन फिर नया आदेश निकाला गया कि परीक्षा को ध्यान में रखते हुए लक्ष्मण कावड़े को जिला शिक्षा कार्यालय में कार्य करने निर्देशित किया जाता है। जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक 30 दिसंबर 2022 अवर सचिव आरपी वर्मा ने आदेश जारी किया था कि लक्ष्मण कावड़े मूल पद व्याख्याता संस्कृत सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर को शासकीय उमावि पीढ़ापाल विकासखंड कांकेर में प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत तक पदस्थ किया जाता है। विधायक बालेश्वर साहू ने 28 फरवरी 2025 को ध्यानाकर्षण सूचना क्रमांक 186 के तहत पूछा था कि उक्त आदेश का आज तक पालन क्यों नहीं हो पाया और भारमुक्त क्यों नहीं किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने जवाब देते हुए बताया कि संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी के द्वारा जारी पत्र के आधार पर तत्कालीन शिक्षा अधिकारी के द्वारा भार मुक्त नहीं किया गया था। सहायक संचालक को 28 फरवरी 2025 को भार मुक्त कर दिया गया है।

### खास बातें

- 21 अगस्त 2025 को जारी आदेश भी संदेह के दायरे में, होगी जाँच
- सरपंच संस्कृत शिक्षक को वापस करने की माँग, हिंदी और भौतिकी के शिक्षकों की करें पदस्थापाना




छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन
नवा रायपुर अटल नगर

:: आदेश ::

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30/12/2022

क्रमांक एफ 2-60/2021/20-दो :: राज्य शासन, एतद् द्वारा, श्री लक्ष्मण कावड़े, (मूल पद व्याख्याता संस्कृत) सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर को शा. उ.मा.वि. पीढ़ापाल, वि.ख. व जिला कांकेर में प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ करता है।
(समन्वय में अनुमोदित)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(आर.पी. वर्मा)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग




कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

-: संशोधित :-

### एक दिन में जारी हुए दो आदेश


जिला शिक्षा अधिकारी को 28 फरवरी 2025 को सहायक संचालक को स्थांतरित संस्था के लिए भार मुक्त किया गया और आदेश की प्रति भी विधानसभा के ध्यानाकर्षण जवाब में संलग्न करके भेजा गया। उसी दिन यानी 28 फरवरी को एक और आदेश जारी किया गया जिसमें उल्लेखित है कि कार्यालयीन आदेश क्रमांक स्था. वित्/ भारमुक्त /2025/कांकेर दिनांक 28.02.2025 के द्वारा लक्ष्मण सिंह कावड़े, सहायक संचालक (मूल पद व्याख्याता संस्कृत) कार्यालयीन को स्थानान्तरित संस्था शाउमावि पीढ़ापाल विख कांकेर के लिए भारमुक्त किया गया है। आगामी हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा व अन्य कार्य के संपादन हेतु आगामी आदेश पर्यन्त तक लक्ष्मण कावड़े को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में कार्य करने के लिए निर्देशित किया जाता है।



कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

आदेश

### 21 अगस्त को जारी आदेश भी संदेह के दायरे में



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर(छ.ग.)

// आदेश //

जानकारों की मानें तो 21 अगस्त 2025 को एक आदेश जारी होता है, जिसमें लक्ष्मण कावड़े सहायक संचालक को सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा कांकेर का प्रभार सौंपा गया है। इस तारीख को लक्ष्मण कावड़े सहायक संचालक के रूप में कार्यरत नहीं थे, इस तरह से यह आदेश भी पूरी तरह से गड़बड़ है। 21 अगस्त 2025 को जारी यह आदेश भी संदेह के दायरे में आ रहा है।

### जारी आदेश पर किया जाएगा पुनर्विचार

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद से इस मामले में जानकारी चाही गई, इस पर उन्होने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और 21 अगस्त 2025 को जारी आदेश को छात्रों के हित में ध्यान में रखकर पुर्नविचार किया जाएगा।

### 94 एचएम जिनका रद्द हुआ पदस्थापना आदेश

हातिम भाई बोहरा, संतोष मंडावी, विजय कुमार दुग्गे, प्रणिता साहू, पूरन सिहं रावटे, पिंकी मंडल, ज्योति ठाकुर, सुरेश कुमार वटटी, उदय सिहं नेताम, सोनम जुर्री, जयमनी ध्रुव, सूमन लाल गावड़े, सीमा कुंजाम, कन्हैया लाल ठाकुर, उत्पला साहू, रविशंकर यादव, संध्या मण्डावी, देवलू राम शोरी, मनीष बैस, राजेश कुमार सोनकर, सुरजलाल साहू, रोमन लाल नेताम, द्रोपती सिन्हा, अशोक कुमार ध्रुव, हरिचंद यादव, प्रतिमा गावड़े, पुष्पा यादव, शशिकला कुंजाम, सुनीता सलाम, कुलेश कुमार ध्रुव, शीशुपाल मंडावी, कुसुमलता साहू, हितेन्द्र सिंह ठाकुर, रामेश्वरी भास्कर, सग्राम शाह मंडावी, महेन्द्र मेश्राम, औदेश कुमार वटटी, कामिनी साहू, रूपेन्द्र कुमार, विवेक प्रसाद कौशिक, राम कुमार नाग, तामिन साहू, सविता कुरैटी, तामेश्वर सिंह प्रधान, परिक्षित कुमार कस्तुरे, दूज राम कोसमा, देवकुमार गड़िहा, पुष्पलता ठाकुर, रविन्द्र कुमार दरेन्द्र, किरण वटटी, तारकेश्वरी मरकाम, नरेश भुआर्य, शकुन्तला मेश्राम, विजय मरकाम, शंकर लाल सिहारे, विनिता यादव, नीतेश उपाध्याय, रामरतन छाटा, भूपेन्द्र सिंह उइके, किशोर कुमार नेताम, मालती बढ़ई, बिदेराम जुर्री, सुशील ध्रुव, संतोष कुमार सेन, प्रेमलाल मंडावी, लच्छनी कोड़ोपी, केजूराम ठाकुर, निर्मला शर्मा, भूपेश्वर तारम, विजय गागड़ा, चन्द्रकिरन शोरी, संजय ठाकुर, खिलानंद ठाकुर, मानसिंह सलाम, भीषण लाल प्रधान, प्रदीप कुमार दास, रोमहर्षण नागवंशी, देवकी नाग, अनुराधा ठाकुर, खिलेश्वर ध्रुव, शिवजी नेताम, कमलेश्वर भुआर्य, राजकुमार गनवरे, खम्हनलाल गौतम, अनिल कुमार गायकवाड़, प्रताप कुमार यादव, पंचम सिंह नेताम, हेमंत सलाम, हरिशंकर यादव, भुपेंद्र ध्रुव, जागेश राम पटेल, युवराज उईके, अशोक कुमार खरांशु, पलटू राम वट्टी शामिल है।

### खबर संक्षेप

#### दुकान सौंदर्यीकरण के लिए चर्चा की



**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पर नगर पंचायत द्वारा निर्मित कंपलेक्स दुकानों के ऊपर दुकान बनाकर सौंदर्णीयीकरण करते हुए शहर का विकास हो, इसके लिए 27 अगस्त को नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर के द्वारा आर्किटेक्ट मनोज साहू के साथ चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन डड़सेना, समाज सेवी नगर राजकुमार ठाकुर, राजेश तिवारी, नरोत्तम सिंह चौहान, अखिल सिंह राठौर, जितेन्द्र बेंजामिन, युवा नेता समाजसेवी राहुल सिंह धुन्ने, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर, भुवनेश्वर जैन, यशवंत साहू, अनीता, रोशन, हरीश शर्मा शामिल रहे।

#### हायर सेंटर ले जाते घायल की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 16 कल्याणपुर निवासी 60 वर्षीय पुलिंग बैरागी का 25 अगस्त को दोपहर ढाई बजें पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से मौत हो गया। पीव्ही 16 निवासी संदीप बैरागी ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए पखांजुर से धमतरी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## छत्तसीगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर गायों की तस्करी ग्रामीणों की मदद से गौवंश लदा वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर





बांदे थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर मवेशी तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता से पुलिस ने मवेशियों से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त किया और एक तस्कर को भी हिरासत में लिया है। यह घटना क्षेत्र में सक्रिय मवेशी तस्करी के नेटवर्क की ओर इशारा करती है। ग्राम मरोड़ा के पास स्थानीय ग्रामीणों ने एक पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 33 एनएफ 4565 को रोका। वाहन में क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर गायों को भरा गया था और उन्हें महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों ने जब वाहन में मौजूद लोगों से पूछताछ कि तो उनके पास पखांजुर नगर पंचायत की एक रसीद दिखाया। हालांकि ग्रामीणों को उन पर शक हुआ और उन्होंने वाहन को रोककर रखा। इसी दौरान ग्रामीणों ने एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा, जो पैदल तीन गायों को महाराष्ट्र की तरफ ले जा रहा था। पूछताछ में उसने अपना नाम खोखन बताया। खोखन ने ग्रामीणों को बताया कि वह इन गायों को सोहगांव महाराष्ट्र में छोड़ने जा रहा था और पीव्ही 76 निवासी कृष्ण गाईन के लिए दिहाड़ी पर काम करता है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी बांदे पुलिस को दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन को उसमें भरी गायों के साथ जब्त कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने पैदल जा रहे आरोपी खोखन को भी हिरासत में ले लिया है। पिकअप वाहन में मिली गायों को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की पूछताछ जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस घटना से यह बात साफ हो गई है कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर मवेशियों की अवैध तस्करी का धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है।

## राशि नहीं मिलने पर बांस-बल्ली से ग्रामीण बना रहे बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम डांगरा में माध्यमिक शाला व हाईस्कूल में ग्रामीणों ने बांस, बल्ली से बाउंड्रीबाल का निर्माण करवाया है। पक्की बाउंड्रीबाल निर्माण के लिए राशि स्वीकृति की मांग किया था, लेकिन शासन से राशि नहीं मिल पाई। स्कूल की सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीणों ने मिलकर बांस, बल्ली से बाउंड्रीबाल बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि वे हर वर्ष इसी तरफ लकड़ी का उपयोग कर बाउंड्रीवाल का निर्माण करते है। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र नरेटी, उपाध्यक्ष जगदेव कोरेटी, हाईस्कूल शिक्षा समिति अध्यक्ष मदनलाल दुग्गा, सदस्य विष्णु नेताम, बिसाहू मरकाम, घनश्याम कोवाची ने बताया कि शासन से बाउंड्रीबाल निर्माण के शासन से कोई मदद नहीं मिल रही है। इसलिए ग्रामवासी मिलकर जनसहयोग से बांस-बल्ली से बाउंड्रीबाल बनाते हैं। प्रधानपाठक कमला नरेटी ने कहा कि हर साल जन सहयोग से ग्रामीण बाउंड्रीबाल निर्माण कर संस्था को निः स्वार्थ सहयोग करते हैं। ग्रामवासियों का सहयोग की हम सराहना करते हैं। बाउंड्रीबाल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## शारदीय नवरात्रि की बंजारी मंदिर हाहालद्दी में तैयारी शुरू



**दुर्गुकोंदल।** आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी दुर्गुकोंदल अंतर्गत शारदीय नवरात्र को लेकर मंदिर समिति के द्वारा अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर नवरात्रि उत्सव मनाने को लेकर चर्चा कि गई। शारदीय नवरात्र में मनोकामना ज्योति एवं मंदिर स्थल की साफ-सफाई लिपाई पुताई व अन्य कार्यक्रम के लिए चर्चा की गई। इस वर्ष मनोकामना जोत तेल के लिए 1101 रुपएं निर्धारित की गई है। घट स्थापना 22 सितंबर, पंचमी पूजा 27 सितंबर, अष्टमी हवन पूजा 30 सितंबर, पूर्णाहुति एवं विसर्जन 1 अक्टूबर को होगी। बैठक में बंजारी माता समिति के उपाध्यक्ष सावंत साहू, सचिव भूपेंद्र सिन्हा, सहसचिव गोवर्धन नरेटी, सोहनलाल सिन्हा, सुखचंद प्रजापति, अनिल सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, मोहन सिन्हा, मनोहर मांझी, जीवन सिंह उपस्थित रहें।

## दस माह से खनिज विकास निधि की नहीं हुई बैठक, विकास कार्य हो रहे हैं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- खनिज विकास निधि की बैठक को लेकर जिम्मेदार कर रहे इंतजार

खनिज विकास निधि की बैठक हर छः माह में होना है, परंतु दस माह निकल गए, उसके बाद भी बैठक नहीं हो पा रही है। बैठक नहीं हो पाने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लगातार पता लगा रहे है कि बैठक कब होगी और बैठक नहीं होने का कारण भी पता लगा रहे है, परंतु सहीं कारण अभी तक नहीं पता चल पा रहा है। डीएमएफ से अस्थायी रूप से होने वाली नियुक्तियों पर भी विराम लगा हुआ है। अक्टबूबर 2024 के बाद बैठक नहीं हो पाई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरूआत 1 अप्रैल से हो गई थी और इसकी बैठक 90 दिन के अंदर हो जाना चाहिए था। जानकारों की मानें तो साल में कम से कम दो बैठक होनी चाहिए। कांकेर जिला में खनिज विकास निधि की बैठक नहीं हो पा रही है। इस मामले में ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जो बैठक के लिए आपेक्षित है, उनको बैठक को लेकर उत्साह है, परंतु बैठक नहीं होने के कारण मायूस है। उनको ▶▶| शेष पेज 12 पर





### अधिकारी भी नहीं बता पा रहे है

खनिज विकास निधि की बैठक में शामिल होने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि बैठक में सभी विभाग प्रमुख के अलावा सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी सदस्य है। सूत्रों की मानें तो जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए जाने वाले समय पर सामंजस्य नहीं बैठ पाने के कारण बैठक नहीं हो पा रही है।

## गोंड़पाल की 18 छात्राओं को मिली मुफ्त सायकिल



**दुर्गुकोंदल।** हाईस्कूल गोंड़पाल में सरस्वती साईकिल योजना के तहत 18 छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण भाजपा मंडल मंत्री तुकाराम पटेल, सूरदास कोमरे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हलालराम सलाम, सरपंच ललेश्वरी के आतिथ्य में वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्राएं पढ़ाई करें। स्कूल जाने और आने में कोई परेशानी ना हो इसलिए सरकार साईकिल दे रही है। निः शुल्क पुस्तक और छात्रवृत्ति दे रही है। अब आप सभी मेहनत करने जरूरत है। मेहनत करेंगे सफलता जरूर मिलेगी। सफलता का मतलब उत्तीर्ण ही नहीं, प्रदेश भर में नाम रौशन करें। उपसरपंच छनित भुआर्य, सुरदास कोमरे, चंद्रप्रकाश बेसरे, जोहन उयके, सुरेश तारम, पवन खरे सहित संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित रहें।

## संभागीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**दुर्गुकोंदल।** जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक और साहित्यिक उत्सव उद्धव 2025 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल के बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग करते हुए अनेक स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इनमें जूनियर लेवल में अंग्रेजी भाषण के लिए 8वीं कक्षा के चंद्रप्रकाश, हिंदी आदिवासी लोककथा प्रस्तुति में 8 वीं कक्षा की वामिनी कुंजाम, अंग्रेजी आदिवासी लोककथा प्रस्तुति में 8 वीं कक्षा की तृप्ति पुसारिया, अंग्रेजी कविता के लिए 7 वीं कक्षा की जीविका सलाम तथा सीनियर लेवल में अंग्रेजी स्पेल बी के लिए 11 वीं कक्षा की पुष्पा ठाकुर, हिंदी में वाद विवाद के लिए 11 वीं कक्षा की तनुजा, क्लासिक डांस के लिए 11 वीं कक्षा की तमन्ना, अंग्रेजी भाषण के लिए छबीला आमले का चयन किया गया।

मूसलाधार बारिश से नालियों का पानी सड़कों पर, बढ़ी परेशानी

# बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में बने निम्न दबाव से हुई झमाझम बारिश, कई इलाके जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



मौसम विभाग का कहना है कि ओडिशा तट से सटे बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में बने निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव से अगले 2 दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी से अति भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। इसके साथ ही विभाग ने कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर और सुकमा जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान यहां 15 मिमी प्रति घंटे की रफ्तार से पानी गिर सकता है, साथ ही तेज हवा चलने के साथ ही बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। कांकेर शहर के साथ अंचल में बुधवार को तेज बारिश के कारण सड़क लबालब हो गया। गली मोहल्ले में पानी भरने से ऐसा लग रहा था कि बाढ़ ही आ जाएगा। बुधवार को सुबह से बादल छाए रहें। सुबह करीबन 11 बजे थोड़ी देर के लिए धूप निकली। दोपहर 2 बजें बादल फिर से गहराने लगा और थोड़ी देर के लिए बारिश होकर थम गई। शाम 4 बजें तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हुई जो लगातार एक घण्टा तक होती रही। एक घंटे की बारिश से शहर की नालियो का पानी सड़क पर बहने लगा। मूसलाधार हुई बारिश के कारण नगर की नालियां उफान पर आ गई। स्थिति यह हो गई कि नालियों का पानी सड़क पर बहने लगा है, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य चौक से लेकर वार्डों की गलियों तक जलभराव की स्थिति बन गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नालियों की सफाई समय पर नहीं होने के कारण बारिश का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर आ गया। कई जगहों पर गंदा पानी घरों के सामने और दुकानों में भी घुस गया, जिससे बदबू और मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। राहगीरों को सड़क पार करने में कठिनाई हो रही है, वहीं वाहन चालक भी पानी में फंसे दिखाई दिए। नागरिकों ने नगरीय निकाय से जल्द ही नालियों की सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग किया है, ताकि बारिश के दौरान ऐसी समस्या से राहत मिल सके।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का पहला प्रसारण 31 को

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन–बिहान के अंतर्गत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को साझा करने के लिए दीदी के गोठ नामक एक नया रेडियो कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसका पहला प्रसारण 31 अगस्त 2025 को दोपहर 12:15 बजे आकाशवाणी के सभी केंद्रों से होगा। इस विशेष प्रसारण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप–मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय शर्मा बिहान से जुड़ी सभी दीदियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान, स्व–सहायता समूहों की महिलाएं अपनी सफलता की प्रेरक कहानियाँ भी सुनाएंगी, जो अन्य समूहों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी। यह कार्यक्रम बिहान की दीदियों के कार्यों, उनकी उपलब्धियों और आजीविका बढ़ाने के लिए किए जा रहे नए प्रयासों की जानकारी पूरे प्रदेश में प्रसारित करेगा।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 अक्टूबर को

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पंजीयन प्रारम्भ हो गया है। 31 अगस्त से 5 सितम्बर तक फार्म जमा होंगे। 5वीं, 6वीं के लिए 35 रुपए एवं 7वीं से 12वीं कक्षा के लिए 40 रुपए फीस निर्धारित है। ओएमआर सीट दी जायेगी। विकासखंड, जिला, राज्य स्तर पर आकर्षक इनाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को दिए जाएंगे। परीक्षा 13 अक्टूबर को होगी। यह जानकारी एमआर निषाद जिला संगठन प्रभारी ने दी है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय सुभाषनगर निवासी मनोज निषाद पिता गंगाराम उम्र 50 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। वह शराब सेवन का आदी था। सोमवार को मनोज घर पर अकेला था। परिवार के लोग दूसरे घर गए थे। शाम को भतीजा राजेंद्र निषाद उसके घर गया तो अधेड़ बिस्तर के नीचे बेहोश पड़ा हुआ था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद मनोज द्वारा जहर सेवन करने की जानकारी दी। अस्पताल में अधेड़ की सोमवार की रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई।

## निधन

### सुरेश शुक्ला

**कोण्डागांव।** जिले के ग्राम चिखलपुटी के मूल निवासी एवं वर्तमान में सनसिटी जगदलपुर में



निवासरत सुरेश शुक्ला पिता स्व. बालकृष्ण का 20 अगस्त को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश शुक्ला के छोटे तथा सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार एवं सीपीआई जिला परिषद के जिला सचिव शैलेश शुक्ला के बड़े भाई थे। सुरेश शुक्ला की पत्नी श्रीमती सुनीता शुक्ला का निधन वर्ष 2016 में ही हो चुका था। उनके एक पुत्र एवं एक पुत्री हैं। निधन की खबर से परिवारजनों, परिचितों एवं समाज में शोक है।

# मैनपुर और मलमेटा क्षेत्र से आए दो गंभीर मरीजों की जिला अस्पताल में बची जान

## सीमित संसाधनों व स्टॉफ के बावजूद डाक्टरों व कर्मियों की मेहनत रंग लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में मैनपुर और मलमेटा क्षेत्र से आए दो गंभीर मरीजों की जान डाक्टरों व कर्मियों की मेहनत से बच गई। रोगियों को गंभीर द्विपक्षीय प्लूरल इफ्यूजन याने अत्याधिक मात्रा में छाती के तीनों हिस्से में पानी भर चुका था। इसके कारण अत्यधिक सांस फूलना, चेहरे पर सूजन तथा पूरे शरीर में सूजन जैसी समस्याओं के साथ लाया गया था। उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी उनका रक्तचाप मात्र 68/40 और ऑक्सीजन संतृप्ति 60–70 प्रतिशत तक गिर चुकी थी। ऐसी गंभीर परिस्थिति में भी जिला अस्पताल में मरीजों को नई जिंदगी दी। डॉ. हिमांशु सिन्हा के नेतृत्व में आईसीयू में एक सप्ताह तक सीमित संसाधनों में गहन देखभाल की गई। हड़ताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी होने के बावजूद मनीषा सरकार, दिलीप पोयाम, मोहिता नाग और मंजुलता ने दिन-रात अपनी सेवाएँ देकर मरीजों को स्थिर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आवश्यक दवाओं और चिकित्सीय हस्तक्षेप के बाद दोनों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अब अपने घर लौट पा रहे है । इन रोगियों के परिजन बेहद गरीब और अशिक्षित पृष्ठभूमि से आते हैं, जिन्हें इलाज की ज्यादा जानकारी नहीं थी, परंतु उनका एकमात्र विश्वास जिला अस्पताल नारायणपुर था। अंततः वही विश्वास साकार हुआ और आज वे खुशी-खुशी अपनी मां को सुरक्षित घर ले जा पाने की ओर अग्रसर है ।





### फिर उत्कृष्ट कार्य किया गया: सीएस

सिविल सर्जन-सह-अस्पताल अधीक्षक डॉ विनोद भोयर ने कहा जिला अस्पताल में एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य किया है। गंभीर स्थिति में आए दोनों मरीजों को समय पर चिकित्सा व आईसीयू देखभाल देकर स्वस्थ किया गया। डॉ. हिमांशु सिन्हा व नर्सिंग टीम की निष्ठा सराहनीय है। यह उपलब्धि अस्पताल की बढ़ती क्षमताओं और मरीजों के विश्वास को दर्शाती है। जिला अस्पताल नारायणपुर की यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को दर्शाती है बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में भी उच्चस्तरीय इलाज संभव है।


## कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान और रजत महोत्सव को प्राथमिकता देने के दिए निर्देश

# बाढ़ नियंत्रण- रोकथाम के लिए रहे सतर्क, शिकायतों का करें निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में अधिकारियों को आदि कर्मयोगी अभियान और रजत महोत्सव को प्राथमिकता देते हुए इनका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगातार बारिश को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण और रोकथाम के लिए भी सतर्क रहने को कहा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन और जन शिकायत पोर्टल पर मिली शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए भी निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सभी बीईओ को स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग से दीदी ई–रिक्शा योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ पहुँचाने के लिए कहा। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए, कलेक्टर ने मलेरिया उन्मूलन पर जोर दिया और इसकी रोकथाम के लिए जाँच के साथ–साथ प्रभावी उपाय करने के लिए कहा। उन्होंने सभी एंबुलेंस का उचित रखरखाव और संचालन सुनिश्चित करने तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान करने के निर्देश दिए।



### निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

इसके अलावा, संस्थागत प्रसव, एमआर वैक्सीनेशन, आयुष्मान कार्ड और रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने जिले में बन रहे स्कूलों, आश्रमों, छात्रावासों और अस्पतालों सहित सभी निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्हें समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने केशकाल बायपास, नारायणपुर–कोण्डागांव राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे लाइन के काम की प्रगति की भी जानकारी ली।

# एसी ने आश्रम छात्रवासों का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कोंडागांव और माकड़ी ब्लॉक के कई छात्रावासों में बच्चों से चर्चा की

सहायक आयुक्त रुपेंद्र तिवारी ने कोंडागांव व माकड़ी ब्लॉक के प्री मैट्रिक व पोस्ट–मैट्रिक छात्रवासों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता, छात्रावासों की स्वच्छता और कर्मचारियों–अधीक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन किया गया। एसी तिवारी ने छात्रावासों में रह रहे बच्चों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के अंत में कर्मचारियों व अधीक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा व सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# सुहागिन महिलाओं ने मनाया हरितालिका तीज का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में सुहागिन महिलाओं ने पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ हरितालिका तीज का व्रत रखा। तीज पर्व पर महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा–अर्चना की। इस दौरान मंदिरों और घरों में विशेष सजावट देखने को मिली। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी–धजी नजर आईं और अपने पति की दीर्घायु एवं सुख–समृद्धि की कामना की। शाम को महिलाओं ने सामूहिक



रूप से गीत–भजन गाते हुए तीज माता की कथा सुनी और विधि–विधान से पूजा संपन्न की। कोंडागांव के विभिन्न मोहल्लों और गांवों में तीज की रौनक देखने को मिली। सुहागिनों ने हाथों में मेहंदी रचाई और झूला झूलते हुए तीज का आनंद लिया। इस मौके पर बाजारों में भी चहल–पहल रही, जहां पूजा सामग्री और श्रृंगार का सामान महिलाओं ने खरीदा। हरितालिका तीज का यह पावन पर्व आस्था और प्रेम का प्रतीक बनकर सुहागिनों के जीवन में उत्साह और उल्लास भर गया।

# आदि कर्मयोगी अभियान से जनजातीय गांवों में विकास को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिले के 352 गांव होंगे लाभान्वित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य योजनाओं को शत–प्रतिशत जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंचाना है। अभियान 10 जुलाई को शुरू हुआ, जो बहु–विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है।

पांच साल तक चलने वाले इस अभियान से पूरे देश में 10.5 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ में यह 128 विकासखंडों के 6,650 गांवों में लागू किया जाएगा। जिले में इसके तहत 5 विकासखंडों के 352 गांवों को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विजन 2030 के अनुसार इन गांवों में योजनाएं तैयार करने पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी विभागों को इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मिलकर काम करने के निर्देश दिए। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त रुपेन्द्र तिवारी ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 352 आदि सेवा केंद्र स्थापित होंगे। इन केंद्रों में शिकायतों के निवारण और संयुक्त भ्रमण की व्यवस्था होगी, साथ ही हर सोमवार को आदि सेवा ऑवर भी आयोजित होगा।



### अभियान के संचालन के लिए बनी विशेष टीम

अभियान के संचालन के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम में आदि कर्मयोगी शासकीय अधिकारी, आदि सहयोगी शिक्षक, डॉक्टर, समाजसेवी और युवा नेता। आदि साथी स्व–सहायता समूह, पंचायत प्रतिनिधि और जनजातीय नेता। प्रत्येक गांव में 20 से 25 सदस्यों की एक टीम बनेगी और एक ग्राम कप्तान नोडल अधिकारी की भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, 7 जिला मास्टर ट्रेनर और 35 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर अभियान के संचालन और समन्वय का काम देखेंगे। यह अभियान सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कॉलेज परिसर और तालाब के पास किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत में बुधवार को वूमेन फॉर ट्री अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्थित में नगर के चैतू गायता नवीन कॉलेज परिसर और नगर के भीमा तालाब के पास पौधरोपण किया गया । कॉलेज परिसर में विधायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम से पौधारोपण किया गया । रोपे गए पौधों की देखरेख करने महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष , उपाध्यक्ष, पार्षद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगर पंचायत सीएमओ सहित कर्मचारी उपस्थित रहे ।



# नगर में जगह-जगह पंडालों घरों में विराजे गणपति बप्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

इस वर्ष बुधवार को गणेश चतुर्थी पर्व पर नगर के मुख्य चौक चौराहों के साथ नगर हर गली मुहल्लो में गणपति बप्पा छोटे बड़े आकार में विराजमान हुए । गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर गली गली में लोगों के मन में भारी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। साथ ही नगर भक्तिमय होता जा रहा है। सुबह से ही लोग पूजा अर्चना में व्यस्त हैं। इसी तरह नगर के कईस्थानों में गणेश भगवान बड़े आकार में स्थापित किये गए है । हर वर्ष की तरह इस साल भी अस्पताल मैदान में, गांधी चौक में , ब्लॉक कॉलोनी में , बाजपेयी पारा में , नयापारा में , सिटीओ कॉलोनी सहित अन्य वार्डो में बड़े आकार की गणेश की प्रतिमा स्थापित किया गया। सभी समिति द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई है।

# पिकअप की ठोकर से राहगीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- गोकुलपुर की घटना

नशे में धुत छोटा हाथी पिकअप के चालक ने राहगीर युवक को ठोकर मार घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी हिरेंद्र तिवारी पिता नरेश उम्र 20 वर्ष मंगलवार को दोपहर बाद गोकुलपुर रूद्री रोड में पैदल जा रहा था। इसी दौरान वहां से तेज गति से गुजर रही छोटा हाथी पिकअप क्रमांक सीजी 05 डी 1324 के चालक इंद्रजीत देवांगन पिता लेखराम उम्र 34 वर्ष ग्राम चारभाठा थाना चारामा निवासी ने पैदल जा रहे हिरेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक घायल हो गया। उसके सिर पर चोट आई है। आरक्षक चंपू सोनी की सूचना पर वरदान एंबुलेंस संस्था के शिवा प्रधान व प्रेम साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। बताया गया है कि पिकअप का चालक इंद्रजीत नशे में धुत होकर हाईस्पीड में वाहन चला रहा था जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।



## केंद्रीय विद्यालय व सीआरपीएफ कैंप में हुआ आयोजन

# साइबर अपराधों की दी जानकारी, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- साइबर ठगी के नए तरीकों से बचाव और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की दी जानकारी

पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार कोंडागांव जिले में साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अति. पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल ने कार्यक्रम में साइबर अपराधों के नए–नए तरीकों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी, साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग और चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में शेयर मार्केट फ्रॉड, ट्रेडिंग ऐप्स, सेक्सटॉर्शन और डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों के बारे में बताया गया। अपराधी पुलिस, सीबीआई या अन्य एजेंसियों का फर्जी परिचय देकर पैसों की मांग कर रहे हैं।



### सुरक्षित रहने के बताए गए उपाय

छात्र–छात्रओं, शिक्षकों एवं सीआरपीएफ कर्मियों को अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर न जुड़ने, लालच से बचने और अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के तरीके समझाए गए। प्रतिभागियों को बताया गया कि किसी भी साइबर ठगी की तुरंत रिपोर्ट साइबर पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

### इनकी रही व्यापक भागीदारी

इस अवसर पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, आरक्षक मनीष बोस, मनोज मरकाम, रमेश बर्मन सहित विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र–छात्रएं और सीआरपीएफ अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।




## पेज 11 के शेष

### राशि नहीं मिलने ...

की माँग स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी कई बार किया जा चुका है, परंतु आज तक सुध नहीं लिया गया है।

### दस माह से...

समझ में नहीं आ रहा है कि खनिज विकास निधि की बैठक क्यों नहीं हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि बैठक हो जाने से पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य स्वीकृत होते है, परंतु बैठक नहीं होने से पूरे कार्य ठप्प पड़े हुए है। पंचायत में मूलभूत और 16 वें वित्त आयोग से जो राशि मिल जाएं, उसी से काम होते है, परंतु यह राशि बहुत कम होती है, जिससे बड़े काम नहीं हो पाते है। ग्रामीण क्षेत्र में सड़क, स्कूल की मरम्मत, नल की मरम्मत, आंगनबाड़ी की मरम्मत हो हो जाना था, परंतु बैठक नहीं हो पाने के कारण यह सभी कार्य रूके हुए है। जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रस्ताव बनाकर बैठे है और बैठक का इंतजार करने को मजबूर है। खनिज विकास अधिशासी परिषद के अध्यक्ष कलेक्टर होते है और बैठक आहूत करने का अधिकार उन्हीं के पास है, परंतु किस कारण से बैठक नहीं बुलाई जा रही है, यह समझ के परे है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेंडिंग एपीके फ्रॉड से रहें सतर्क

**सुकमा।** डिजिटल दुनिया ने जहां हमारे काम को आसान बना दिया है, वहीं साइबर फ्रॉड का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। नकली मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लोगों को ठगा जा रहा है और उनकी निजी एवं बैंकिंग जानकारी चोरी की जा रही है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों को साइबर ठगों से सतर्क रहने की अपील की है। हाल के दिनों में साइबर अपराधी लोकप्रिय मोबाइल एप्लिकेशन के नकली एपीके फाइल्स के जरिए लोगों के मोबाइल फोन में वायरस और मालवेयर इंस्टॉल कर बैंकिंग डिटेल्स, यूपीआई पिन और व्यक्तिगत जानकारी चुरा रहे हैं। इससे कई लोगों के बैंक खातों को खाली किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने बचाव के लिए किसी भी अज्ञात लिंक, व्हाट्सएप या ईमेल से ऐप को डाउनलोड नहीं करने की सलाह दी है। केवल गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से ही ऐप इंस्टॉल करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले यूआरएल को ध्यान से जांचें।

### बाढ़ से निपटने कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय

**सुकमा।** मानसून में संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जिला मुख्यालय सहित तहसील स्तर पर भारी बारिश से बचाव एवं राहत कार्य के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा और आपदा के समय तत्काल राहत एवं पुनर्वास कार्य सुनिश्चित करेगा। आपदा की स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार ने 1070 टोल फ्री नंबर जारी किया है, जिस पर 24×7 किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन की अपील है कि नागरिक अफवाहों से दूर रहें, सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम अथवा 1070 नंबर पर सूचना दें।

### महतारी मेगा हेल्थ कैम्प व बाल मेला आयोजित


**दंतेवाड़ा।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम के स्वराज भवन में परियोजना स्तरीय बाल मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) गतिविधियों में गीदम परियोजना के छह सेक्टरों से चयनित 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के कुल 74 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने कविता, गीत, नृत्य, पेंटिंग एवं मिट्टी के खिलौने जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गीदम की अध्यक्ष शकुन्तला भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र एवं चॉकलेट वितरित किए और उनके उत्साहवर्धन की सराहना की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुन्तला भास्कर ने कहा कि माताओं के लिए एक छोटे बच्चे की परवरिश चुनौतीपूर्ण होती है, वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक साथ 15-20 बच्चों का पालन-पोषण करते हुए उन्हें अच्छे संस्कार, गीत, नृत्य और सामाजिक व्यवहार सीखते हैं, जो प्रशंसनीय है।

# जनजातीय गांव में विजन निर्माण की प्रक्रिया को सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में आदिकर्मयोगी अभियान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने केन्द्र सरकार के आदिकर्मयोगी अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातीय गॉव में विजन निर्माण की प्रक्रिया को सुनिश्चित करना है। विजन निर्माण एक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है जो जनजातीय समुदायों को अपनी आकांक्षा को अभिव्यक्त करने अपने सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने में सक्षम बनाती है।



### 29 से 1 सितम्बर तक वाईक टेल कार्यक्रम

जिले मे पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 अगस्त से 1 सितंबर तक देखो दंतेवाड़ा नामक वाईक टेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुरे प्रदेशभर से कुल 120 बाइकर्स की टीम दंतेवाड़ा के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगी तथा वीडियो, फोटो, रील्स के माध्यम से पर्यटन को प्रमोट करेंगी। टीम द्वारा 29 अगस्त को सातधार, इंद्रावती पूल बारसूर, बारसूर तालाब में बने जीप लाइन एवं मुचनार रिवर साइड का भ्रमण किया जायेगा।

इसके अंतर्गत गठित ब्लाक स्तरीय टीमें जिसमें (जल,स्वच्छता,ग्रामीण विकास,स्वास्थ्य,शिक्षा) के अधिकारी शामिल होगें। जनजाति गाँव समुदाय संचालित विकास सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय मार्गदर्शन समन्वय और निगरानी प्रदान करके विजन निर्माण के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जनभागीदारी स्तर पर आदिसाथी एवं आदिसहयोगी कार्यकर्ता के रूप आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूहों की महिलाएं और मितानिने, यूवोदय के वालेटिर्यस शामिल किये जा सके। इसके लिए स्थानीय भाषा बोली के जानकारी आवश्यक होगा जो ग्रामीणों के जमीन स्तर के जुड़ाव को सुगम बनायेगी।

## लोग डरे सहमे मोटर साइकिल मुश्किल से निकाल रहे

# सड़क टूटने के कगार पर, बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकास खंड दरभा की पाण्डेगुड़ा (मावलीपदर) और नेगानार के बीच 4 साल पहले बनी सड़क आज जर्जर की स्थिति में है। कितनों वर्षों के इंतजार के बाद यह सड़क बड़ी मुश्किल से बनी थी। यदि सड़क टूट जाता है तो लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अभी भी खतरा बना हुआ है। क्योंकि दिन में भी चलने वाले लोग डरे सहमे मोटर साइकिल मुश्किल से निकाल रहे हैं। रात को इस रास्ते से चलने वालों के लिए तो और भी खतरा बना हुआ है। बड़ी गाड़ी इस रास्ते से नहीं आ पाएंगी। क्योंकि दोनों तरफ गहरा गड्ढा है। बीच से दोनों तरफ फिसलकर दोनों साइड नीचे चले जाने लायक सड़क कटा हुआ है। यदि इस फिसलन जगह पर कुछ सीमेंट रेती की डस्ट डाल दिया जाता है तो कुछ हद तक राहत मिल सकता है।

इधर मंगलवार से लगातार हो रही बारिश से सड़क टूटने की स्थिति में है। बाढ़ से सड़क कमजोर हो चुकी है,सड़क टूटने ही वाला है।

पाण्डेगुड़ा और नेगानार के बीच खेत के पास सड़क के दोनों किनारों पर मुरूम गिट्टी और मिट्टी कट चुकी है। इस रास्ते से रात की बात तो छोड़िए दिन में भी चलते समय डर लगते रहता है। इस रास्ते में रात के समय आने जाने वाले कई लोग इन गड्ढों में कई बार गिर कर जख्मी हो चुके हैं। कई दुपहिया,चार पहिया भी गड्ढे में जा चुके हैं,पलट चुकी हैं। लगातार जान माल का खतरा बना हुआ है। अभी बारिश हुई बचा - कूचा मुरूम ,गिट्टी,मिट्टी भी लगातार कट रही है। मिट्टी के खिसकने से सड़क के आजू बाजू खेतों के किसानों को भी हर साल फसल के दब जाने से नुकसान उठाना पड़ता है।

इस स्थिति में कभी भी पाण्डेगुड़ा और नेगानार का संपर्क टूट सकता है। जिससे राहगिरों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कहीं - कहीं बीच सड़क में और कई किनारों पर नेगानार से मावलीपदर तक जगह - जगह गड्ढे बने हुए हैं,बनते जा रहे हैं। गड्ढों में पानी भर रहा है। गिट्टी उखड़ते जा रहा है। यदि समय रहते ध्यान देकर, उस कटे हुए जगह पर, सड़क के दोनों किनारों पर, सीमेंट कांक्रीट से मजबूती से पकड़ नहीं बनाया गया तो सड़क तो कट ही जायेगा। जिससे लोगों को आने जाने में कई मुश्किलें बढ़ा देगी और जानलेवा भी हो सकती है। इसका जिम्मेदार कौन होगा। क्योंकि यह दिन - रात की व्यस्तम मार्ग है। इस सड़क पर लोगों की आवाजाही देर रात तक लगी रहती है।



### चार माह पहले सुधारा गया था

ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह सड़क टूटने लायक बना हुआ है उस जगह चार महीना पहले मार्च 2025 में कुछ काम किया गया था, वह भी इस बारिश में बह गया। उसे नीचे से ठीक से गहरा करके नहीं उठाया गया था, ऊपर ऊपर से ही उठाया गया था। और वह भी एक साइड ही किया गया था। यदि सड़क के दोनों साइड से मजबूती से नीचे गहराई से सीमेंट गिट्टी से उठा दिया जाता तो सड़क संभाल लेता। कई बार इस ओर ध्यान आकर्षित किया जा चुका है। फिर भी ठीक से सुधारा नहीं जा रहा है।

# जनपद उपाध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित गांव मंगनार का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

गत दिनों हुए भारी बारिश से दरभा जनपद पंचायत अंतर्गत नेगानार ग्राम पंचायत का आश्रित गांव मंगनार बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। गाँव मे लगभग 10 हेक्टियर क्षेत्र मे जल ग्रहण क्षेत्र होने के कारण भारी बारिश से जलाशय का पानी गाँव के निचले हिस्से के घरो मे घुस गया जिससे लोंगो का घर मे रहना मुश्किल हो गया और अव्यवस्था फैल गई। ग्राम पंचायत द्वारा प्रभावित लोंगो को अस्थाई शिविर मे विस्थापित किया गया हैं। प्रभावित लोंगो का और गाँव की स्थिति का जायजा लेने के लिए जनपद उपाध्यक्ष हरि प्रसाद पीडी बुधवार को मंगनार गाँव पहुँचे जंहा वे सभी प्रभावित लोंगो से मिले एवं घरो का जायजा लिया। लगभग एक फिट तक घरो मे पानी घुस जाने के कारण दलदल की स्थिति बनी हुई हैं। प्रभावित लोंगो ने उचित मुवावजा की मांग एवं प्रधानमंत्री आवास मे प्राथमिकता देने की मांग की हैं। जनपद उपाध्यक्ष ने प्रभावित लोंगो को सहानुभूति देते हुए कहा की उनकी सुविधाओं को लेकर सरकार तक बात पहुंचाई जाएगी। कठिन समय मे धैर्य रखने को कहा गया। स्थिति पर जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत नजर रखेगी। मंगनार गाँव के साथ साथ दरभा ब्लॉक के अन्य गाँव भी प्रभावित हुआ हैं। कांगेर नाला पुल के पास जनधन की हानि हुई हैं जिसके प्रति जनपद उपाध्यक्ष ने सवेंदना एवं शोक व्यक्त किया हैं और लोंगो से कहा हैं की सावधान एवं सुरक्षित रहें। मंगनार गाँव मे जायजा लेने के दौरान धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मुन्नू सिंह सरपंच रुक्मणि मौर्य, पटवारी रुपवती मसी मौजूद रहें।

# महिलाओं ने धूमधाम से मनाया हरितालिका तीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर में महिलाओं द्वारा बड़े ही धूमधाम से हरितालिका तीज मनाया गया। इसमें महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए उपवास रखती हैं। वही कुंवारी लड़कियां मनचाहा या योग्य वर पाने के लिए भी यह उपवास रखती हैं। हरितालिका तीज सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे कठिन व्रत माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे विभिन्न तरीकों से मनाया जाता है। कहीं पर यह एक दिन का होता है तो कहीं पर इसे दो दिनों तक मनाया जाता है। यह व्रत पति की लंबी आयु, घर में सुख, शांति और समृद्धि के लिए किया जाता है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत महिलाएं रखती हैं। इस व्रत के दिन प्रदोष काल में शाम को सूर्य अस्त होने के बाद भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की पूजा की जाती है। पूजा सामग्री के तौर पर 5 तरह के फल, फूल, धूप, घी, दीप आदि मौजूद होते हैं। इस दिन दान-पुण्य करने की भी परंपरा है। कथा के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए कठोर तपस्या की। पार्वती जी ने अपनी एक सखी से कहा कि वह सिर्फ भोलेनाथ को ही पति के रूप में स्वीकार करेंगी। सखी की सलाह पर पार्वती जी ने घने वन में एक गुफा में भगवान शिव की अराधना की ।



भाद्रपद तृतीया शुक्ल के दिन हस्त नक्षत्र में पार्वती जी ने मिट्टी से शिवलिंग बनकर विधिवत पूजा की और रातभर जागरण किया। पार्वती जी के तप से खुश होकर भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया था।

# झींगा पालन पर मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाते हुए झींगा पालन का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में झींगा पालन का महत्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मत्स्य विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह राठौर ने झींगा पालन की तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने मिट्टी-पानी की गुणवत्ता, झींगा की जैविक विशेषताएँ, कैनाबलिज्म, पानी की कठोरता और पालन की चार विधियां एक्सटेंसिव, सेमी-इंटेंसिव, इंटेंसिव और सुपर-इंटेंसिव विषय पर विस्तार से बताया। यह प्रशिक्षण सुकमा में आधुनिक मत्स्य पालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

वहीं डीएल कश्यप मत्स्य पालन विभाग सुकमा ने झींगा व कार्प मछली पालन में संतुलित बीज संग्रहण पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में कोंटा के मत्स्य निरीक्षक कांतिलाल कोर्राम, जिले के 22 प्रगतिशील मछली पालक किसान तथा केंद्र के गुलशन वर्मा और लक्ष्मी उपस्थित रहे।

## भोपालपटनम से हैदराबाद सड़क मार्ग बंद...



**भोपालपटनम।** नेशनल हाइवे 163 रामपुरम के पास रोड पर पानी चढ़ने से भोपालपटनम से हैदराबाद जाने वाला सड़क मार्ग हुआ बंद ।

# बाढ़ से राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्रभावित, यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- कलेक्टर ने लोगों को एहतियात बरतने की अपील की

जिले में में लगातार बारिश एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर संबित मिश्रा ने जन सामान्य को एहतियात बरतने हेतु की अपील है, वही जगदलपुर एवं अंतर राज्य मार्ग पूरी तरीके से प्रभावित है, जिस वजह से अन्य शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बीते दो दिनों से बीजापुर जिले में निरंतर बारिश हो रही है, खेत,नदी,नाले झरनों में बाढ़ की स्थिति निर्मित है, बीजापुर से जगदलपुर को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह जलमग्न है, वहीं दूसरी ओर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना राज्य को जोड़ने वाली नेशनल हाईवे भी पूरी तरह प्रभावित है कई जगह तो सड़के बह गई है, यथा स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने जनसामान्य को एहतियात बरतने की अपील की है किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सहायता हेतु बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संपर्क करने का आग्रह किया ताकि हर संभव मदद की जा सके।



बिजनेस साइट

# बंसल नर्सिंग होम में आईवीएफ पद्धति से ट्रीपल बच्चों का जन्म

**जगदलपुर।** शहर के बालाजी वार्ड स्थित बस्तर संभाग का प्रथम सर्वसुविधा युक्त आईवीएफ फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बंसल नर्सिंग होम में 24 अगस्त को ओडिसा के सोमारी देवांगन उम्र 38 वर्ष ने आईवीएफ पद्धति से 1 बेबी बॉय एवं 2 बेबी गर्ल को जन्म दिया। बंसल नर्सिंग होम की वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्री रोग विषेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. एस. बंसल ने बताया कि नर्सिंग होम में आईयूआई, आईवीएफ, आईसीएसआई, लेप्रोस्कोपी, हिस्ट्रोस्कोपी, ब्लॉस्टोसिस्ट, फर्टिलिटी जांच, डोनर सर्विवेज की सुविधा उपलब्ध है। विगत 12 वर्षो में 1600 से अधिक दम्पतियों ने संतान सुख प्राप्त किया है। डॉ. बंसल ने बताया कि हमारे यहां नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी कराई जाती है। संस्थान में 85000 रुपए में सुलभतम पैकेज में अधिक सफलता उपलब्ध है। संस्थान में निःसंतान दम्पतियों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जाता है।



# संगोष्ठी में विद्यार्थियों को इसरो की उपलब्धियों पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

डीएवी एमएमपीएस करमरी में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए द्वितीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हितेश कुमार ने विद्यार्थियों को इसरो की उपलब्धियों तथा अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत आज विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी स्थान बना चुका है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। संगोष्ठी में अमिता सोनवानी और सुमन दास ने भी विचार व्यक्त करते हुए विज्ञान के महत्व और उसके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और अनुसंधान व नवाचार की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम की सराहना करते हुऐ विद्यालय की प्राचार्या कामिनी साहनी ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियां विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं और उन्हें विज्ञान तथा तकनीकी के नए आयामों से परिचित कराती हैं।



# गांवों में जल समितियों का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- जल जीवन मिशन एवं विद्युत विभाग की हुई समीक्षा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सभाकक्ष में सोमवार को नियद नेल्ला नार क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के बेहतर कियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार करने के लिए जल जीवन मिशन एवं विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति, पंचायतवार कार्यों की स्थिति और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई।



कलेक्टर ध्रुव ने निर्देश दिए कि यदि किसी ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही की जाती है या समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनकी वर्तमान स्थिति का अद्यतन विवरण पंचायतवार प्रस्तुत किया जाए। साथ ही योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जल प्रमाणन सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। जल जीवन मिशन को बेहतर संचालन एवं रख-रखाव हेतु उन्होंने निर्देश दिया कि इन गांवों में जल समितियों का गठन कर उन्हें सक्रिय किया जाए, ताकि ग्रामीण स्वयं योजनाओं के संचालन में जिम्मेदारी निभा सकें। बैठक में ईई पीएचई विनोद कुमार राम, सहायक संचालक जिला उद्योग एवं व्यापार विभाग सुकमा कैलाश कश्यप, सब इंजीनियर पीएचई एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दुधावा में प्रो कबड्डी का आयोजन 30 से



**दुधावा।** श्री शक्ति युवा संगठन आवासपारा दुधावा के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेशोत्सव के शुभ अवसर पर 30 से 31 अगस्त तक दो दिवसीय डे-नाइट पुरुष प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 15025, द्वितीय पुरस्कार 10025, तृतीय पुरस्कार 5025 व चतुर्थ पुरस्कार 2525 रुपए रखा गया है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन 8 वर्षो से चला आ रहा है, जिसमें कांकेर, धमतरी, बालोद, गरियाबंद, महासमुंद व कोंडागांव जिले के खिलाड़ी शिरकत करते है और साथ ही 3 सितबंर को रात्रिकालीन कार्यक्रम जय भवानी रामधुनी मंडली मथुराडीही धमतरी का आयोजन किया जाएगा।

### साक्षात्कार के लिए मेरिट सूची जारी

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त विभिन्न पदों की अस्थायी पूर्ति के लिए साक्षात्कार वाक-इन-इंटरव्यू के बाद विद्यालय स्तर पर तैयार की गई मेरिट सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यह चयन प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इसके अंतर्गत निर्धारित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों से विभिन्न तिथियों में विद्यालय स्तर पर साक्षात्कार लिए गए थे। अभ्यर्थियों की मेरिट सूची संबंधित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालयों में जाकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### डे- नाइट कबड्डी स्पर्धा 2 सितंबर से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सिवनी के युवा संगठन समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय डे नाईट कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन 2 सितंबर से किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष फगनूराम गौर, उपाध्यक्ष जागेश्वर तोपा, सचिव सुदेश तोपा, सहसचिव चुम्मन सिन्हा, कोषाध्यक्ष सोनूराम उयका व देवप्रसाद चुरेंद्र ने बताया है कि डे नाईट कब्बड्डी प्रतियोगिता 02 से 03 सितबंर 12 बजे से रात 11 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15015, द्वितीय 7777 एवं तृतीय 4444 रूपए दिया जाएगा।

### महापौर ने जलभराव क्षेत्रों का लिया जायजा

**जगदलपुर।** लगातार हो रही तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। गोरिया बहार नाला, सनसिटी, गंगा मुंडा नाला, गायत्री नगर और धरमपुरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित कई इलाकों में पानी भर जाने से महापौर संजय पांडे निगम की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, , नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पूर्व पार्षद राजपाल कसेर, गोपाल भारद्वाज मौजूद रहे।




**पर्व : रंग-बिरंगी लाइटों से पंडालों का आकर्षक सजावट**

# सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों-घर में विराजे श्रीविघ्नहर्ता मंगलदाता की शुभ मुहूर्त पर पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नगर का माहौल उत्सवी हुआ, होंगे विविध अनुष्ठान

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में सहित पूरे अंचल में बुधवार 27 अगस्त को गणेश प्रतिमा की स्थापना विभिन्न सार्वजनिक गणेश समितियों द्वारा किया गया। इसके साथ ही घरों में भी शुभ मुहूर्त में छोटे गणेश की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। समितियां गणेशोत्सव की तैयारी में पूरे श्रद्धाभक्ति के साथ जुटे हुए है। समितियों द्वारा विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के लिए एक दिन पहले ही सभी तैयारी पूरी तैयारी कर ली गई थी। गणपति के भक्ति अपने घरों में भी भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का स्थापना किए। मुहुर्त के मुताबिक स्थापना स्थल तक गणपति की प्रतिमाओं को ले जाने का क्रम बुधवार की सुबह से प्रारंभ हो गया, वही शाम तक विधी विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गजानंद की स्थापना किया गया। शहर कांकेर में कई समितियों द्वारा भगवान गणेश की विभिन्न रूप, रंग की विशाल प्रतिमाएं स्थापित करने का परंपरा वर्षो से चली आ रही है। जिसके चलते मूर्तिकारों ने



भगवान गणेश की विशाल प्रतिमाओं का भी सृजन किया है। कई समितियों द्वारा कार्यक्रम के स्थल सजावट पर विशेष ध्यान दिया गया है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में कई बाल गणेशोत्सव समितियों द्वारा भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाने की भव्य तैयारियां की गई है। बुधवार को शहर के अलावा ग्रामीण अंचलो में भी गणेशोत्सव की तैयारी धूमधाम से किया गया। पूरे 11 दिनों तक अंचल में भक्तिमय माहौल बना रहेंगा। स्थापना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने बप्पा के आगमन पर फूल-मालाओं से सजावट की और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। जगह-जगह विद्युत सजावट और रंग-बिरंगी लाइटों से पंडालों को आकर्षक रूप दिया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह और शाम को भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशेष आरती का आयोजन होगा। वहीं गणेश विसर्जन तक विभिन्न सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों के जरिए लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। गणपति बप्पा के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने शांति, सुख-समृद्धि और नगर की उन्नति की कामना की।



### गोयल ग्रुप के गेस्टहाउस में बिराजे गणपति बप्पा

**दुर्गुकोंदल।** गोयल ग्रुप के कर्रामाड़ स्थित गेस्टहाउस में लगातार दूसरे वर्ष भी गणपति बप्पा को विराजित किया गया। गोयल ग्रुप के कर्मचारियों द्वारा विगत वर्ष से गणेश चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा को अपने गेस्टहाउस में विराजमान करने की परंपरा प्रारंभ की गई। जिसे इस वर्ष भी निभाया गया है। विधिविधान से पूजा अर्चना कर गणेश को विराजित करने वाले आचार्य एमन मिश्र ने बताया कि गोयल ग्रुप के कर्मचारियों द्वारा विगत वर्ष से इनके गेस्टहाउस में गणपति बप्पा को विराजित करने की परंपरा प्रारम्भ की गई है। कर्मचारियों द्वारा पूरे विधिविधान से बप्पा की पूजा की गई और अगले दस दिनों तक यहाँ बप्पा की सेवा की जाएगी। पांच सितंबर को हवन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य जजमान दुर्गा प्रसाद पटनायक, अंकुर गोयल, अतुल जैन, दिनेश साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, योगेश पटेल, भूरसू मरकाम, मुक्तेश्वर सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा व अन्य उपस्थित रहें।

## जामगांव इलाके में गणेश चतुर्थी पर भक्ति का माहौल पंडालों हुई प्रथमेश की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

जिले में गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर चारों ओर उल्लास और भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम जामगांव शीतलापारा के रंगमंच परिसर में इस वर्ष गणपति बप्पा के लिए भव्य पंडाल सजाया गया। ग्रामीणों और युवाओं के सामूहिक प्रयास से पूरे आयोजन स्थल को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार गणेशोत्सव को और भी भव्य व यादगार बनाया जाएगा। रंगमंच में विशेष रूप से पंडाल की सजावट की गई और रंग बिरंगी लाइटें, झिलमिलाते झालर और आकर्षक सजावट सामग्री का उपयोग किया गया। गणेश जी की मूर्ति को परंपरागत ढंग से प्रतिष्ठापित करने की पूरी तैयारी कि जा चुकी है। आयोजन से पहले ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से रंगमंच और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस कार्य में गांव के सभी वर्गों ने एकजुट दिखे। युवाओं ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। युवाओं की टोली ने न केवल सफाई की जिम्मेदारी निभाई बल्कि पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी अपने कंधों पर ली हैं। ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह के आयोजन से न केवल सामाजिक एकता मजबूत होती है, बल्कि नई पीढ़ी को सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का अवसर भी मिलता है। गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने युवाओं के उत्साह और योगदान की खुलकर सराहना की और कहा कि इसी सहयोग और समर्पण से गांव की पहचान और भी निखरती है। गांव में इस समय चारों ओर उत्सव का माहौल है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी गणपति बप्पा के आगमन की तैयारियों में व्यस्त हैं। आगामी दिनों में पूजा, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें पूरे गांव के लोग शामिल होकर उत्सव को और भी विशेष बनाएंगे।

## ऑल इंडिया थल सैनिक शिविर के लिए लाखेंद्र का हुआ चयन

**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट लाखेंद्र कश्यप का चयन ऑल इंडिया थल सैनिक शिविर नई दिल्ली जाने के लिए हुआ है। नई दिल्ली में कैंप का आयोजन 2 से 12 सितंबर तक होगा वे ऑब्सटीकल ट्रेनिंग विधा में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। थल सैनिक शिविर दिल्ली में जाने के लिए चयन प्रक्रिया बहुत कठिन अपनाई जाती है। लाखेंद्र कश्यप और अन्य कैडेटों को पिछले दो माह से रायपुर और बिलासपुर में दस-दस दिनों का कुल 5 कैंप लगाकर ट्रेनिंग दिया जा रहा था। प्रत्येक कैंप के बाद अच्छे प्रदर्शन करने वाले कैडेटों की छंटनी की जाती है। ऑब्सटीकल ट्रेनिंग विधा में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय से कुल 10 कैडेट भाग ले रहे हैं, जिसमें रायपुर एनसीसी ग्रुप से लाखेंद्र कश्यप के अलावा दो और कैडेट हैं। इस उपलब्धि के लिए 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सुमीत शर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू, महाविद्यालय के पूर्व एनसीसी अधिकारी, डॉ एसआर बंजारे, प्रशिक्षक सूबेदार राजेश खलको, सीएचएम जितेश, हवलदार राकेश कुमार, हवलदार कार्तिक, हवलदार रंजीत, नायक दीपक, ट्रेनिंग क्लर्क शिवनंदन ध्रुव, रोहित बघेल, रामेश्वर धनकर, विनीता महाराणा, सतवंतीन ध्रुव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार निरंजन सिंह कश्यप व सभी एनसीसी कैडेट एवं महाविद्यालय परिवार के अधिकारी, कर्मचारियों ने बधाई दिया।



## पत्रकार को जान से मारने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज करने की मांग



**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र के पत्रकार धनंजय चंद को खाद की कालाबाजारी से संबंधित समाचार के प्रकाशन के लिए जान से मारने की धमकी मिलने का पत्रकारों ने कड़ा विरोध जताया है। पत्रकारों ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजुर के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और कड़ी कार्रवाई की मांग की। परलकोट क्षेत्र में नकली खाद की कालाबाजारी और अधिक दरों पर बिक्री से जुड़ा है, जिससे किसान लगातार परेशान हैं। हाल ही में किसानों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर देवनाथ कृषि केंद्र द्वारा लाए गए एक 16-चक्का ट्रक से रात के अंधेरे में खाली हो रहे खाद को पकड़ा था। उन्हें शक था कि यह खाद नकली है। इस पर उन्होंने कृषि विभाग को खाद की जांच करने के लिए वाहन सौंपा था। इस कारण शंकर बहादुर नामक एक व्यक्ति ने मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। परलकोट क्षेत्र के पत्रकार इस घटना को पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर एक सीधा हमला मान रहे हैं और आरोपितों पर तत्काल कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमिताभ भट्टाचार्य, स्वतंत्र नामदेव, देवाशीष बिस्वास, रविन मंडल, गोपाल ब्रह्मचारी, संजय साहा, जतन बिस्वास, विकाश वैध, नीतीश मल्लिक, मनकू नेताम, सुजीत मंडल, राजेश दास, पल्लव मंडल, शुभम कुंडू, शंकर सरकार सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## संबलपुर में गणेश प्रतिमा का रहस्य भक्तों की आस्था का अद्भुत केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के संबलपुर गांव में स्थापित गणेश प्रतिमा हजारों भक्तों के विश्वास और चमत्कारों का केंद्र

- प्रतिमा गढ़बांसला के तालाब में तैरते हुए मिली

बनी हुई है। इस प्रतिमा को लेकर कई दिलचस्प और रहस्यमय कहानियां जुड़ी हैं। कहा जाता है कि यह प्रतिमा गढ़बांसला के तालाब में तैरते हुए मिली थी, जिसके बाद इसे संबलपुर लाने का निर्णय लिया गया।

गढ़बांसला के तालाब में तैरते हुए मिली प्रतिमा को लाने का सफर आसान नहीं था। 7 किमी के रास्ते में 12 से 14 बैलगाड़ियों के पहिए टूट गए और मूर्ति को हिलाना भी असंभव हो गया। अंततः इसे वहीं स्थापित कर दिया गया। यह गणेश



प्रतिमा जीवित मूर्तियों में से एक मानी जाती है, क्योंकि हर साल इसकी ऊंचाई बढ़ती है। भक्तों का मानना है कि यह प्रतिमा संतान प्राप्ति और मनोकामनाओं को पूरा करती है। दूर-दूर से लोग यहां अपनी मुरादें लेकर आते हैं। इस मूर्ति को लेकर एक और दिलचस्प तथ्य यह है कि जब इसे विसर्जन के लिए ले जाने का प्रयास हुआ तो जेसीबी और क्रेन जैसी आधुनिक मशीनें भी इसे हिला नहीं सकीं। यह घटना भक्तों के बीच भगवान गणेश की महिमा को और भी गहरा करती है। संबलपुर का यह 100 साल पुराना गणेश मंदिर स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। यह स्थान न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि इसे धर्मनगरी के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते हैं, जो भक्तों को आध्यात्मिक शांति और सुख प्रदान करते हैं। गजानन महाराज की महिमा अपरंपार है और उनकी प्रतिमा से जुड़े ये रहस्य भक्तों के विश्वास को और भी मजबूत करते हैं। अगर कभी मौका मिले, तो संबलपुर के इस अद्भुत मंदिर में जाकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद जरूर लें।

## 48 घंटों से राजमार्ग 30 बाधित, लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

बीते तीन दिनों से हो रही बारिश से एक बार फिर जन जीवन अस्त व्यस्त हो गई है । सुकमा से लेकर कोंटा तक तीन अलग-अलग स्थान बोदागुडा दुब्बाटोटा सहित इंजरम पुल पर बाढ़ का पानी आ जाने से बीते 48 घंटों से राज मार्ग तीस बाधित है। इधर बाढ़ की परिस्थितियों को देखते हुए कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला थाना प्रभारी सलीम काका ने थाना परिसर में एक बार और बैठक आयोजन कर लोगों को इससे निपटने की समझाईश दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया । ज्ञात हो कि दरभा ब्लॉक के पास कांगेर नाला में मंगलवार के एक कार के बह जाने से एक ही परिवार के चार लोगों की जान चली गई थी । जिसके बाद से जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुस्तैद कर दिए गए और जोखिम उठाने की समझाईश देने जगह-जगह जवानों की ड्यूटी लगा दी गई है। आंध्र प्रदेश तेलंगाना ओड़सि से छत्तीसगढ़ का संपर्क टूट चुका है।

कोण्टा ब्लॉक सहित सुकमा जिला के क्षेत्रीय नदी नाले उफान पर है। जिला प्रशासन द्वारा राहत शिविर जगह-जगह खोले गए है। कोण्टा बार्डर के पास गोदावरी का जलस्तर कम होने के कारण अभी बाढ़ के हालात बैक वाटर से हाँलाकि नही बन रही है।

## भारी बारिश से हारम व तुमनार में कई घर डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- कई पुल पुलिया हुई क्षतिग्रस्त तुमनार में गीदम बीजापुर रोड 100 मीटर बही



क्षेत्र में लगातार भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। नदी-नालों में उफान आने से कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। सैकड़ों मकान बारिश की वजह से जर्जर हो गए हैं, जिसकी वजह से लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ रहा है। इसके अलावा, कई पुल और पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गए हैं, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गीदम ब्लॉक का तुमनार और हारम क्षेत्र में इसका व्यापक असर देखने को मिला। यहाँ लगातार बीती रात से हो रही भारी बारिश से गुजरने वाले नदी नाले उफान पर है। नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया जिससे आसपास के कई घर यहां डूब गए और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए है। यहां सड़क एव सड़क किनारे दुकानों तक पानी भर गया। वही पुलिस एव स्थानीय प्रशासन की टीम भी लगातार राहत कार्य मे जुटी हुई है। नदी का जलस्तर ज्यादा बढ़ने से यहाँ गीदम-बीजापुर मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर हारम पुल में स्थानीय पुलिस द्वारा बैरिगेटिंग लगाकर आवागमन पर भी रोक लगा दी गई है। भारी बारिश से मंगलवार को गीदम-जगदलपुर मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर बंजारी घाट के पास बागमुंडी पनेडा में पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना से यह मार्ग अवरुद्ध हो गया है। आवागमन बाधित होने से दोनों ओर से वाहनों की लम्बी कतारें लग गई है। लगातार बारिश से सुरक्षा की दृष्टि से यहाँ पुलिस एव प्रशासन की टीम भी मौजूद है। क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत कर 24 घंटे बाद धीरे धीरे आवागमन को शुरू कर दिया गया है। आसपास के इलाके में रात से भारी बारिश से गीदम बारसूर मार्ग में गणेश बहार नाला भरने से यह अवरुद्ध हो गया इधर नाले में ग्रामीण फस गया। घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन की टीम एव ग्रामीणों की मदद से यहां फसे ग्रामीण को पानी से बाहर निकाला गया। भारी बारिश के कारण नगर में जिओ कंपनी एवं एयरटेल कंपनी का नेटवर्क भी प्रभावित रहा।

## चित्रकोट मार्ग सहित कई सड़कें जलमग्न सांसद ने दिए निगरानी व राहत के निर्देश

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

भारी वर्षा से लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के अनेक गाँव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। गीदम रोड व चित्रकोट रोड स्थित नदी नाले के समीपस्थ गाँवो में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। सांसद महेश कश्यप आज स्वयं प्रभावित क्षेत्रों इरिकपाल,नेगानार सहित आसपास के गाँवों में पहुँचे और यथास्थिति का जायजा लिया। सांसद कश्यप रेस्क्यू टीम के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय रहे और ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगतु कश्यप के गृह ग्राम मांदर का गांव टापू बना,जिसकी जानकारी मिली, जिसके उपरांत महेश कश्यप मौके पर रवाना हुए। बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुँचाने और यथा स्तिथि से अवगत कराने बस्तर सांसद महेश कश्यप ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप से फोन काल पर बातचीत भी की। इस दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों व आवश्यक संरचनाओं के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाढ़ पीड़ित जनता को आश्वस्त किया कि हर संभव मदद उनके लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

## प्रभारी मंत्री केदार ने ली बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी, जिले में अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में लगातार हो रही बारिश और नदियों के उफान के बीच राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला चौबीसों घंटे सक्रिय है।

तहसीलदार अंबर गुप्ता के मार्गदर्शन में नगरसेना की टीम ने पुलिस लाइन सुकमा के पास एनएच गीदम नाला से भी बड़ी कार्रवाई की। यहां बस से आए करीब 17 यात्रियों को नाव की मदद से सुरक्षित पार कराया गया, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे। जिला प्रशासन ने तत्काल सभी के लिए नाश्ता और पीने के पानी की व्यवस्था भी की। इसी कड़ी में नगरपालिका सुकमा के नयापारा इलाके से भी 11 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। भारी बारिश में फंसे इन लोगों को निकालने के लिए तत्काल अभियान चलाया गया। राहत बचाव कार्य अभी भी जारी है।







